भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

भोपाल शाखा कार्यालय : 'मानकालय', ई-5, अरेरा कालोनी, बिट्ठन मार्केट, भोपाल-462016 (म.प्र.)
BHOPAL BRANCH OFFICE : 'Manakalaya', E-5, Arera Colony, Bittan Market, Bhopal-462016 (M.P.)
PAN No. AAATB0431G
दूरभाष / Tel.: 2423449, 2423452, 2423454, 2420493, 2442550
तार : मानकसंस्था / Gram : Manaksanstha
ई-मेल / E-mail : bplbo@bis.org.in
फैक्स / Fax : (0755) 2423451, वेबसाइट/Website : www.bis.org.in

Soft copy download of Indian Standards now available from BIS sales portal http:// www.standardsbis.in
BIS offers complete training solution for Standards and Management Systems. For details see http:// www.bis.org.in or e-mail at nits@bis.org.in

सन्दर्भ/बीपीबीओ//ईएनएफ

7 फरवरी 2019

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

<u>जाली आईएसआई मार्क लगे एसी के केपेसिटर एवं पेकेज्ड ड्रिंकिग वाटर का निर्माण करने वाली फेक्ट्रियों पर छापा</u>

श्रीमती प्रीति भटनागर, वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल शाखा कार्यालय के निर्देशानुसार ब्यूरो के अधिकारियों ने दिनांक 5 फरवरी 2019 को मेसर्स भण्डारी कन्ट्रोल एवं इलेक्ट्रीकल प्रा लि, इन्दौर पर तलाशी एवं जप्ती कार्यवाही करते हुए **जाली आईएसआई मार्क लगे एसी के केपेसिटर** बड़ी मात्रा में जप्त किये एवं दिनांक 6 फरवरी 2019 को मेसर्स आजाद राठौर/राठौर किराना, उंडासा रोड, उज्जैन पर तलाशी एवं जप्ती कार्यवाही करते हुए **जाली आईएसआई मार्क लगे <u>पेकेज्ड ड्रिंकिग वाटर के एच2ओ ब्राण्ड के बड़ी मात्रा में 250एमएल पाउच</u>** जप्त किये। प्रकरण में अब दोषियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी ।

**भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 के तहत आईएसआई मार्क का दुरूपयोग करना दण्डनीय अपराध है एवं <u>धारा 29 के तहत दो वर्ष तक का कारावास अथवा न्यनूतम दो लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनो</u> दण्ड का प्रावधान है ।**

उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने आवश्यकता की वस्तुएं क्रय करते समय उत्पाद पर सही आईएसआई मार्क देखें एवं क्रय संबंधी बिल अवश्य प्राप्त करें । आईएसआई मार्क वस्तु की गुणता में किसी भी प्रकार का संदेह हो तो इसकी शिकायत भारतीय मानक ब्यूरो के किसी भी कार्यालय में अथवा ब्यूरो की वेबसाइट <u>www.bis.gov.in</u> पर की जा सकती है ।

(प्रीति भटनागर)
वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख

Scanned by CamScanner